# प्रेस नोट दिनांक 10.03.2025
# थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।

**थाना फतेहगंज पश्चिमी #bareillypolice द्वारा दो अभियुक्तों को 51,400/- रूपये की जाली करेन्सी कुल 514 नोट 100-100 के साथ किया गया गिरफ्तार।**

अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक फतेहगंज पश्चिमी द्वारा थाना पुलिस टीम के साथ कल दिनांक 09.03.2025 को मुखबिर व मिलिट्री इंटेलीजेन्स टीम लखनऊ(बरेली इकाई) की सूचना पर अगरास तिराहे से सोरहा रोड फतेहगंज पश्चिमी बरेली से दो अभियुक्त 1.मौ0 यामीन पुत्र शफी निवासी खरसैनी थाना शाही जनपद बरेली हाल निवासी ग्राम टिटौली थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली (उम्र 33 वर्ष) 2.अनमोल गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता निवासी मौ0 बजरिया धौरा टान्डा थाना भोजीपुरा बरेली (उम्र 25 वर्ष) को क्रमशः 100-100 रूपये के जाली करेन्सी के 247 नोट कुल 24,700/-रूपये व अभियुक्त अनमोल गुप्ता को 100-100 रूपये के जाली करैन्सी के 267 नोट कुल 26,700/- रूपये ( दोनों अभियुक्तों से कुल 514 नोट ) के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके संबंध में थाना इज्जतनगर पर मु0अ0सं0 89/2025 धारा 179/180 बीएनएस पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण डम्पी पुत्र शब्बीर निवासी चिटिया जगन्नाथपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली से जाली करेन्सी लेकर आते हैं। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**
1.मो0 यामीन पुत्र शफी निवासी खरसैनी थाना शाही, बरेली हाल निवासी ग्राम टिटौली थाना फतेहगजं प0 बरेली ।
2.अनमोल गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता निवासी मो0 बजरिया दोहरा टान्डा थाना भोजीपुरा बरेली ।

**बरामदगीः-**अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 514 नोट 100-100 रूपये के जाली करेन्सी कुल 51,400/- रूपये बरामद होना ।

**पूछताछः-** अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि यह जाली करैन्सी **डम्पी पुत्र शब्बीर निवासी चिटिया जगन्नाथपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली से कम दाम पर खरीदकर बाजार में घूम- घूम कर खपा देते हैं।**

**आपराधिक इतिहासः- अभियुक्त मो0 यामीन-**
1.मु0अ0सं0 17/2024 धारा 420 भादवि थाना सुभाषनगर जिला बरेली।
2.मु0अ0सं0 66/2023 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना शाही जिला बरेली।
3.मु0अ0सं0 20/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सुभाषनगर जिला बरेली।
4.मु0अ0सं0 089/2025 धारा 179/180 बीएनएस थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।

**अभियुक्त अनमोल गुप्ताः-**
1.मु0अ0सं0 089/2025 धारा 179/180 बीएनएस थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
1.प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार चतुर्वेदी थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली ।
**2.मिलिट्री इंटेलीजेन्स टीम लखनऊ (बरेली इकाई)**
3.व0उ0नि0 श्री विश्वदेव सिह थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली ।
4.उ0नि0 श्री पवन कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली ।
5.हे0का0 637 प्रदीप कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली ।
6.का0 88 लेखपाल सागर थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली ।